प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अ
दिनांकः 07.06.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा उनकी सरकार के बीते 11 साल गरीब कल्याण को समर्पित–25 करोड से अधिक लोग गरीबी से उठ नव मध्यम वर्ग में शामिल हुए है।
- प्रदेश में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर श्रमदान के आयोजन–जलस्त्रोतों की सफाई के साथ जागरूकता गतिविधियां आयोजित।
- ईद उल अजहा का त्यौहार आज पारम्परिक रूप से मनाया जा रहा है।
- दौसा के सलेमपुर के पास सड़क दुर्घटना में चार लोगों की मृत्यु–तीन गंभीर घायल।

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद दुनिया भारत के रक्षा पारिस्थितिकी तंत्र और आत्मनिर्भरता पर चर्चा कर रही है। जम्मू–कश्मीर में कल 46 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत की कई विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्ष में 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी के स्तर से ऊपर उठकर नव–मध्यम वर्ग में शामिल हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 11 साल, गरीब कल्याण के नाम समर्पित रहे हैं।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने के आखिर में कनाडा में होने वाले जी–7 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से फोन पर बातचीत में उन्हें चुनाव में जीत पर बधाई दी। श्री मोदी ने कनानास्किस में जी–7 शिखर सम्मेलन में आमंत्रित करने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देश आपसी सम्मान और साझा हितों के आधार पर नए उत्साह के साथ मिलकर काम करेंगे।

00000

पश्चिम एशिया के देशों ने डिजिटल भुगतान प्रणाली के माध्यम से अधिक वित्तीय लेनदेन के महत्व पर जोर दिया है। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर की अध्यक्षता में कल नई दिल्ली में भारत–पश्चिम एशिया संवाद की बैठक हुई। इसमें कजाकिस्तान, किर्गिज गणराज्य, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उजबेकिस्तान के विदेश मंत्रियों ने भाग लिया। चौथे, भारत–पश्चिम एशिया संवाद के संयुक्त वक्तव्य में, इन देशों ने व्यापार बढाने, निवेश और पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए अंतर–बैंक सम्बंधों तथा राष्ट्रीय मुद्रा व्यापार बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने पहलगाम में आतंकवादी हमले की कडी निंदा की और सभी प्रकार के आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए अपनी मजबूत प्रतिबद्धता व्यक्त की। बैठक में सहभागी देशों ने महत्वपूर्ण खनिजों में सहयोग के नए क्षेत्रों की खोज के लिए प्रतिनिधिमंडलों के आदान–प्रदान को प्रोत्साहित करते हुए दुर्लभ मृदा और महत्वपूर्ण खनिजों के संयुक्त अन्वेषण में रुचि जतायी।

00000

ब्रिक्स समूह के दस देशों ने पहलगाम आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए आतंकवाद को खत्म करने के लिए नीतिगत सहयोग करने पर सहमति व्यक्त की है। ब्राजील के ब्रासीलिया में 11वें ब्रिक्स संसदीय मंच की बैठक में भाग लेने गये भारतीय प्रतिनिधिमंडल का लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नेतृत्व किया। लोकसभा सचिवालय ने एक बयान में कहा है कि विभिन्न मुद्दों पर भारत के रुख की व्यापक सराहना की गई और इसे सर्वसम्मति से अंतिम संयुक्त घोषणा में शामिल किया गया। आतंकवाद का मुकाबला करने की भारत की मजबूत नीति को दृढ़ता से स्वीकार किया गया।

00000

प्रदेश में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत कल भी विभिन्न स्थानों पर श्रमदान के साथ जलस्त्रोतों की साफ सफाई और जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई। इस दौरान मीडिया के लोगों को फील्ड भ्रमण करा जल संरक्षण के कार्य दिखाये गये। सरहदी जिले जैसलमेर में पत्रकारों को जोगणिया मंदिर तालाब का भ्रमण करवाया गया और जसेरी अमृत सरोवर पर वृक्षारोपण कार्य की भी जानकारी दी गई। बारां में संबलपुर एनिकट पर कलश यात्रा और जल पूजन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर और प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी भी शामिल हुए। फलौदी जिले में लोहावट क्षेत्र में साथरी हिरण उद्यान और हर खोलाई नाडी का भ्रमण कराया गया। जिले के देचू स्थित कोलूपाबूजी मंदिर और पेनोरमा स्थल का भी

अतिथियों को भ्रमण कराया गया। राजधानी जयपुर में अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम रखे गये। सार्वजनिक स्थानों, रेल्वे स्टेशनों और बस स्टेण्डों पर जन भागीदारी से जल स्त्रोतों तथा जल संग्रहण संरचनाओं की साफ सफाई की गई। अलवर के थानागाजी में आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने भाग लिया और श्रमदान किया। इस दौरान महिलाओं ने जल संरक्षण पर लोकगीत गाकर प्रभारी मंत्री का स्वागत किया।

000000

नेकी की राह पर कुर्बानी का त्यौहार ईद–उल–अजहा आज मनाया जा रहा है। इस मौके पर ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की विशेष नमाज़ अदा की जा रही है। राजधानी जयपुर के जौहरी बाजार, दिल्ली रोड़, हसनपुरा और मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में नमाज अता करने के लिए बडी संख्या में नमाजी सुबह से पंहुचने लगे है। प्रदेशभर में भी विभिन्न स्थानों पर अकिदत और एहतराम के साथ ईद–उल–जुहां की नमाज अता की जा रही है। नमाज के बाद परम्परागत रूप से कुर्बानी दी जायेगी। ईद उल अजहा हज़रत इब्राहिम द्वारा अल्लाह के आदेश का पालन करते हुए अपने इकलौते बेटे की कुर्बानी देने की याद में मनाया जाता है। ईद उल जुहा से पहले मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में खरीदारी को लेकर लोगों में उत्साह चरम पर रहा। कुर्ता–पायजामा, इत्र, शेरवानी, आभूषण और सौंदर्य प्रसाधन सहित कुर्बानी के जानवरों की बिक्री देर रात तक की जाती रही। इस बीच जिला प्रशासन ने बकरा ईद पर दी जाने वाली कुर्बानी को लेकर लोगों से आग्रह किया है कि वे खुले में कुर्बानी ना करें और इनके वीडियो भी वायरल करने से बचे। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से भी ईद उल जुहा का त्यौहार पारम्परिक रूप से मनाये जाने के समाचार है। अजमेर में ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की शाहजहानी मस्जिद में अकिदतमंदों ने तडके नमाज अदा कर सुख समृद्धि की दुआ मांगी।

....

00000

एनडीए सरकार के मौजूदा कार्यकाल का आगामी 9 जून को एक साल पूरा होने जा रहा है। बीते 11 सालों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार ने सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य किया हैं। देश के प्रत्येक वर्ग के कल्याण, विकास और विभिन्न क्षेत्रों में आधारभूत प्रगति की विभिन्न योजनाओं से समाज का हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है, जिससे उनके जीवन में आया बदलाव साफ दिखाई दे रहा हैं। केन्द्र की फ्लेगशिप योजनाओं में शामिल प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से प्रदेश की अब तक अनउपजाऊ रही भूमि पर भी खुशियों की फसल लहलहा रही है। दौसा के रामगढ पचवारा पंचायत समिति के नया वास गांव में करीब 40 बीघा भूमि में योजना के लाभ से फलदार पौधों के बगीचे के साथ मवेशियों के लिए चारागाह विकसित हो चुका हैं।

.....

00000

दौसा जिले के सलेमपुर थानाक्षेत्र के हिंगोटवाडी गांव के पास ट्रेलर और ट्रेक्टर की टक्कर में ट्रेक्टर के आगे चल रहे मोटरसाईकिल सवार दो लोगो सहित चार व्यक्तियों की मृत्यु हो गई। दुर्घटना में तीन व्यक्ति गंभीर घायल हो गए। घायलो को जयपुर रैफर किया गया है। हादसे के बाद पुलिस ने ट्रेलर, ट्रेक्टर ट्रॉली और मोटरसाईकिल को जब्त कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

00000